Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of railway overbridge at railway crossing at Bastar-Dantewada Road in Chhattisgarh.

श्री दीपक बैज (बस्तर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा बस्तर संसदीय क्षेत्र अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र है । जो दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है, जिसमें मुख्य रेलवे क्रॉसिंग है, जो सीधा बैलाडीला लोहा खादान को जोड़ता है । जिला मुख्यालय में रेलवे क्रॉसिंग में ओवर ब्रिज नहीं होने की वजह से सड़क के दोनों तरफ लम्बा जाम लग जाता है । उक्त रेलवे क्रॉसिंग किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है जबकि उक्त जिला एक नंबर माईनिंग जिला है । रेलवे व माइनिंग से केन्द्र सरकार को करोड़ों का राजस्व प्राप्त हो रहा है । माननीय अध्यक्ष महोदय, आपसे निवेदन है कि उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बने, यह सरकार से मेरी मांग है ।